ANNUAL EXAMINATION

Question Paper 2024

NCERT BASED SYLLABUS

FOR CBSE AND STATE BOARD
FOLLOWING NCERT

SET-1

Series D3BCA/1

प्रश्न–पत्र कोड **3/1/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **17** प्रश्न हैं।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

हिन्दी (अ)
HINDI (A)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न–पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) *इस प्रश्न–पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड– 'अ'** और **खंड– 'ब'**। **खंड– 'अ'** में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और **खंड– 'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।*

(iii) ***खंड– 'अ'** में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **44** है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए **40** उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

(iv) ***खंड– 'ब'** में कुल **7** प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

(v) *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।*

(vi) *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

खंड 'अ' (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

भारत एक विशाल देश है। यहाँ के विभिन्न राज्यों की अपनी क्षेत्रीय भाषाएँ हैं। स्वतंत्रता के पश्चात से मातृभाषा को प्रोत्साहित करने की बातें चर्चा में रही हैं। परंतु इनके विकास के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए। इसके कारण प्रत्येक क्षेत्र में विदेशी भाषा अंग्रेजी का वर्चस्व स्थापित हो गया। नेल्सन मंडेला ने कहा था कि किसी भी व्यक्ति के सोचने की प्रक्रिया अपनी मातृभाषा में होती है। अगर किसी व्यक्ति से उसकी मातृभाषा में बात करें तो वह बात दिल तक पहुँचती है।

यह सर्वविदित है कि मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना अत्यंत सहज एवं सुगम होता है। अपनी मातृभाषा में विद्यार्थी किसी भी विषय को सरलता से समझ लेता है जबकि अन्य भाषाओं में उसे कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विश्वभर के शिक्षाविदों ने मातृभाषा में शिक्षा प्रदान किए जाने को महत्त्व दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार अपनी मातृभाषा में चिकित्सा की पढ़ाई करवाने वाले देशों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति अन्य देशों की तुलना में अच्छी है। चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस और जापान सहित अनेक देश अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। सर्वविदित है कि ये देश लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी हैं। इन देशों ने अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करके ही उन्नति प्राप्त की है। यदि स्वतंत्रता के पश्चात भारत में भी मातृभाषा में चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती तो हम आज विश्व में और अधिक बेहतर स्थिति में होते। वर्तमान में इस दिशा में ठोस और क्रांतिकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

(i) किसी भी देश के आधारभूत विकास के लिए आवश्यक है :

(A) तकनीकी शिक्षा का विस्तार होना

(B) चिकित्सीय शिक्षा का विस्तार होना

(C) किसी भी भाषा में शिक्षा देना

(D) मातृभाषा में शिक्षा का विस्तार होना

(ii) स्वास्थ्य और चिकित्सा की दृष्टि से कौन-से देश अच्छी स्थिति में हैं?

(A) मातृभाषा में चिकित्सीय शिक्षा देने वाले देश

(B) अपनी राष्ट्रभाषा को मातृभाषा बनाने वाले देश

(C) राष्ट्रभाषा और मातृभाषा को समान मानने वाले देश

(D) अंग्रेजी भाषा से दूरी बनाने वाले देश

(iii) भारत में क्षेत्रीय भाषाओं के अपेक्षाकृत कम विकसित होने के क्या कारण हैं?

(A) हिंदी भाषा का वर्चस्व

(B) अंग्रेजी भाषा का वर्चस्व

(C) उपयुक्त प्रयासों का अभाव

(D) स्थानीय इच्छाशक्ति का अभाव

(iv) 'मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना आसान होता है।' इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन-सा /कौन-से तर्क सही है/हैं?

1. मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना सरल है।
2. मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना जटिल है।
3. मातृभाषा अन्य भाषाओं से सरल-स्वरूप होती है।
4. मातृभाषा और दूसरी भाषाओं में कोई अंतर नहीं है।

विकल्प :

(A) 1 सही है।

(B) 3 सही है।

(C) 1 और 2 सही हैं।

(D) 1 और 4 सही हैं।

(v) **कथन** और **कारण** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन – भारत में शिक्षा के माध्यम में बदलाव वर्तमान की आवश्यकता है।

कारण – शिक्षा के माध्यम के प्रति दृष्टिकोण समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है।

(A) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

(D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

सच से हट कर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम।

जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झर कर कुसुम।

जो लक्ष्य भूल रुका नहीं, जो हार देख झुका नहीं।

जिसने प्रणय पाथेय माना, जीत उसकी ही रही।

सच हम नहीं सच तुम नहीं, सच है महज संघर्ष ही।

ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे।

जो है जहाँ चुपचाप, अपने-आप से लड़ता रहे।

जो भी परिस्थितियाँ मिलें, काँटे चुभें कलियाँ खिलें।

हारे नहीं इंसान, है संदेश जीवन का यही।

सच हम नहीं सच तुम नहीं, सच है महज संघर्ष ही।

हमने रचा आओ हमीं अब तोड़ दें इस प्यार को।

वह क्या मिलन, मिलना वही जो मोड़ दे मँझधार को।

(i) 'अपने-आप से' लड़ने का क्या अभिप्राय है?

(A) अपने भीतर उठे अंतर्द्वंद्व से लड़ना

(B) अपने भीतर की कमजोरियों से लड़ना

(C) अपनी शारीरिक कमजोरियों से लड़ना

(D) अपनी मानसिक व्याधियों से लड़ना

(ii) 'जो नत हुआ वह मृत हुआ' क्यों कहा गया है?

(A) झुकना घमंड का परिचायक है।

(B) झुकना विनम्रता का परिचायक है।

(C) झुकने वाला मृतक के समान है।

(D) स्वाभिमान रहित जीवन मृतक के समान है।

(iii) काव्यांश का संदेश है :

(A) हर प्रकार की परिस्थिति से समझौता कर स्वयं को ढालने का।

(B) जीत की संभावना वाले मार्ग पर ही आगे बढ़ने का।

(C) कैसी भी कठिन परिस्थिति हो उससे हार न मानने का।

(D) हार की संभावना होने पर नवीन लक्ष्य के निर्माण का।

(iv) 'काँटे' और 'कलियाँ' किसके प्रतीक हैं?

(A) सुख और दुख के।

(B) दुख और सुख के।

(C) समृद्धि और उत्कर्ष के।

(D) निर्माण और पतन के।

(v) **कथन** और **कारण** पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन – मानव मात्र का जीवन संघर्षपूर्ण है।

कारण – मानव मात्र को अपने जीवन की सम-विषम हर तरह की परिस्थितियों का डटकर सामना करना चाहिए।

(A) कथन गलत है और कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

(i) 'जब बाबू जी रामायण का पाठ करते तब हम उनकी बगल में बैठे रहते।' – इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा :

(A) बाबूजी रामायण का पाठ करते और हम उनकी बगल में बैठे रहते।

(B) जिस समय बाबूजी रामायण का पाठ करते उस समय हम उनकी बगल में बैठे रहते।

(C) बाबूजी के रामायण का पाठ करते समय हम उनकी बगल में बैठे रहते।

(D) जब बाबूजी द्वारा रामायण का पाठ किया जाता तब हम भी साथ ही बैठे रहते।

(ii) 'माँ थाली में दही-भात सानती और बनावटी नाम से कौर बनाकर खिलाती जाती।'- इसे सरल वाक्य में बदला जाए तो वाक्य होगा :

(A) माँ जब भी थाली में दही-भात सानती तब बनावटी नाम से कौर बनाकर खिलाती जाती।

(B) माँ थाली में दाल-भात सानती और छोटे-छोटे कौर बनाकर मुझे खिलाती जाती।

(C) माँ थाली में दही-भात सानकर बनावटी नाम से कौर बनाकर खिलाती जाती।

(D) माँ थाली में अपने लिए दही-भात सानती पर कौर बनाकर मुझे खिला देती।

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए:

1. जब दुलारी ने केश बाँध लिए तब उसने खिड़की खोल दी।
2. उसने सिर का पसीना सुखाया और वहीं खड़ी हो गई।
3. टुन्नू जब दरवाज़े पर खड़ा था तब उसके पास एक पोटली थी।
4. उसकी गृहस्थी बड़ी कठिनाई से चल रही थी फिर भी उसे चिंता नहीं थी।

विकल्प :

(A) 1, 2 और 3
(B) 2, 3 और 4
(C) 2 और 4
(D) 1 और 3

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य का उदाहरण है :

(A) उसने बंडल निकाला और उसे पकड़ा दिया।
(B) वहाँ जल-संचय का उचित प्रबंध है।
(C) तुम जाओ, मैं कल ही लौट जाऊँगा।
(D) जब बर्फ़ गिरती है तब मुश्किल होती है।

(v) **स्तंभ 1** को **स्तंभ 2** से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कर लिखिए :

स्तंभ 1	**स्तंभ 2**
1. मूर्ति के आसपास का तालाब सुखाकर साफ़ किया गया।	I. मिश्र वाक्य
2. उसकी रवाब निकाली गई और ताज़ा पानी डाला गया।	II. संयुक्त वाक्य
3. जब बात हुक्कामों तक पहुँची तब बड़ी खलबली मची।	III. सरल वाक्य

विकल्प :

(A) 1 I 2 II 3 III
(B) 1 III 2 II 3 I
(C) 1 II 2 III 3 I
(D) 1 III 2 I 3 II

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

(i) 'लेखक ने अपने तर्कों से उनकी दलीलों का खंडन किया।' - वाक्य में वाच्य है :

(A) कर्मवाच्य
(B) भाववाच्य
(C) कर्तृवाच्य
(D) क्रियावाच्य

(ii) 'संगतकार द्वारा मुख्य गायक का उत्साह बढ़ाया गया।' प्रस्तुत वाक्य का वाच्य पहचानिए:

(A) कर्तृवाच्य

(B) अकर्मवाच्य

(C) कर्मवाच्य

(D) भाववाच्य

(iii) 'कवि ने श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन किया है।' इसका कर्मवाच्य होगा :

(A) कवि श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन करते हैं।

(B) कवि द्वारा श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन किया गया है।

(C) कवि श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन कर पाते हैं।

(D) कवि ने श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन किया था।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का उदाहरण है/हैं :

1. प्रधानाचार्य द्वारा निर्देश जारी किया गया।
2. उसकी दादी से खड़ा नहीं रहा जाता।
3. सज्जन अपने से बड़ों की सेवा करते हैं।
4. खिलाड़ी से अब दौड़ा नहीं जाता।

विकल्प :

(A) 1, 3 और 4

(B) 2 और 4

(C) 1 और 3

(D) 3 और 4

(v) **स्तंभ 1** को **स्तंभ 2** से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कर लिखिए :

स्तंभ 1	**स्तंभ 2**
1. घायल पक्षी से उड़ा नहीं जा सका।	I. कर्तृवाच्य
2. कवि बादल में क्रांति का स्वर सुनता है।	II. कर्मवाच्य
3. उससे वह गीत नहीं गाया गया।	III. भाववाच्य

विकल्प :

(A) 1 II 2 III 3 I

(B) 1 III 2 II 3 I

(C) 1 III 2 I 3 II

(D) 1 I 2 II 3 III

5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

(i) 'शीला जी ने साहित्य का दायरा ही बढ़ा दिया।' – वाक्य में रेखांकित पद का परिचय है :

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कर्ता' कारक

(B) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कर्म' कारक

(C) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कर्ता' कारक

(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'करण' कारक

(ii) 'लेखक ने उस घटना को पूरी ईमानदारी से लिखा।' रेखांकित पद का परिचय होगा :

(A) पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कर्म' कारक

(B) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, विशेष्य – 'घटना'

(C) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य – 'घटना'

(D) पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, 'कर्म' कारक

(iii) निम्नलिखित में से किस वाक्य में स्थानवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है?

(A) एक चिड़िया हमारी खिड़की पर डरी-डरी बैठी थी।

(B) पापा की आवाज़ सुनकर मैं बाहर निकल गया।

(C) यह खेल तो खुले में ही खेला जा सकता है।

(D) उस ड्राइवर ने अचानक ज़ोर से ब्रेक लगाई।

(iv) 'कस्बे की नगरपालिका प्रतिवर्ष कुछ नया करती थी।' रेखांकित पद का परिचय है :

(A) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'नया करना' क्रिया की विशेषता।

(B) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'करना' क्रिया की विशेषता।

(C) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

(v) 'बचपन में मैं दुबली-पतली और साँवली थी।' रेखांकित पद का परिचय है :

(A) मध्यमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

(B) अन्यपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

(C) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, 'दुबली-पतली' विशेष्य।

(D) उत्तम पुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

(i) 'पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल सों पग धोए।' इस काव्य-पंक्ति में अलंकार है:

(A) उत्प्रेक्षा

(B) श्लेष

(C) यमक

(D) अतिशयोक्ति

(ii) 'धीरे-धीरे उतर क्षितिज से आ बसंती रजनी' - इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है :

(A) मानवीकरण

(B) श्लेष

(C) उत्प्रेक्षा

(D) अतिशयोक्ति

(iii) 'विद्या धन उद्यम बिना कहौ जु पावै कौन।
बिना डुलाए ना मिले ज्यों पंखा की पौन।।'
इन काव्य-पंक्तियों में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?

(A) यमक

(B) श्लेष

(C) मानवीकरण

(D) उत्प्रेक्षा

(iv) 'मृदु मिट्टी के हैं बने हुए
मधु घट फूटा ही करते हैं।'
इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है :

(A) मानवीकरण

(B) श्लेष

(C) उत्प्रेक्षा

(D) यमक

(v) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में से कौन-सी पंक्ति अतिशयोक्ति अलंकार का उदाहरण है?

(A) विश्व शलभ सिर धुन कहता मैं,
हाय न जल पाया तुझमें मिल।

(B) अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे।

(C) वह दौड़ रहा अरि मस्तक पर,
वह आसमान का घोड़ा था।

(D) ज्यौं-ज्यौं बूड़े स्याम रंग,
त्यौं-त्यौं उज्जलु होई।

7. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिअ किन मोही। सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिअ लराई।।
सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।।
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा।।
सुनि मुनिबचन लखन मुसुकाने। बोले परसुधरहि अवमाने।।
बहु धनुही तोरी लरिकाईं। कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं।।
येहि धनु पर ममता केहि हेतू। सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू।।

रे नृपबालक कालबस बोलत तोहि न सँभार।
धनुही सम त्रिपुरारिधनु बिदित सकल संसार।।

(i) 'नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा'- पंक्ति के संदर्भ में राम के चरित्र की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है?

(A) संयम
(B) सरलता
(C) विनम्रता
(D) वीरता

(ii) परशुराम ने शिव धनुष तोड़ने वाले को क्या चेतावनी दी?

(A) सहस्रबाहु के समान उसे अपना शत्रु समझने की

(B) राजा जनक की सभा से बाहर निकल आने की

(C) राजा जनक की सभा में उसे मार डालने की

(D) उसके साथ आजीवन शत्रुतापूर्ण व्यवहार करने की

(iii) 'न त मारे जैहहिं सब राजा' – यह कथन परशुराम के ——— उदाहरण है।

(A) शौर्य का

(B) अहंकार का

(C) क्रोध का

(D) गौरव का

(iv) सेवक किसे कहा गया है?

(A) मधुर वचन बोलने वाले को

(B) सेवा करने वाले को

(C) कभी क्रोध न करने वाले को

(D) विनम्रतापूर्ण व्यवहार करने वाले को

(v) परशुराम की धनुष पर ममता होने का क्या कारण था?

(A) उनके आराध्य शिव का धनुष होना

(B) उनके गुरु विश्वामित्र का धनुष होना

(C) अपने पिता का आशीर्वाद समझना

(D) धनुष का अत्यंत प्राचीन होना

8. पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **दो** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **2×1=2**

(i) संगतकार मुख्य गायक का साथ क्यों देता है? अनुपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए :

(A) उसके समान ही अपनी पहचान बनाने के लिए।

(B) प्रदर्शन के दौरान उसका उत्साह बढ़ाने के लिए।

(C) उसके प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए।

(D) उसके स्वर को सहारा देने के लिए।

(ii) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में बच्चे द्वारा पिता को एकटक देखे जाने का क्या कारण था?

(A) ऐसे एकटक देखना उसका स्वभाव था।

(B) उसे पलकें झपकाना नहीं आता था।

(C) वह उन्हें पहचानने की कोशिश कर रहा था।

(D) वह उनकी उपेक्षा करने का प्रयास कर रहा था।

9. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

आज़ाद हिंद फ़ौज के मुकदमे का सिलसिला था। सभी कॉलेजों, स्कूलों, दुकानों के लिए हड़ताल का आह्वान था। जो-जो नहीं कर रहे थे, छात्रों का एक बहुत बड़ा समूह वहाँ जा-जाकर हड़ताल करवा रहा था। शाम को अजमेर का पूरा विद्यार्थी-वर्ग चौपड़ (मुख्य बाज़ार का चौराहा) पर इकट्ठा हुआ और फिर हुई भाषणबाज़ी। इस बीच पिताजी के एक निहायत दकियानूसी मित्र ने घर आकर अच्छी तरह पिताजी की लू उतारी, ''अरे! उस मन्नू की तो मत मारी गई है पर भंडारी जी आपको क्या हुआ? ठीक है, आपने लड़कियों को आज़ादी दी, पर देखते आप, जाने कैसे-कैसे उलटे-सीधे लड़कों के साथ हड़तालें करवाती, हुड़दंग मचाती फिर रही है वह। हमारे-आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब? कोई मान-मर्यादा, इज़्ज़त-आबरू का खयाल भी रह गया है आपको या नहीं?'' वे तो आग लगाकर चले गए और पिताजी सारे दिन भभकते रहे, ''बस, अब यही रह गया है कि लोग घर आकर थू-थू करके चले जाएँ। बंद करो अब इस मन्नू का घर से बाहर निकलना।''

इस सबसे बेखबर मैं रात होने पर घर लौटी तो पिताजी के एक बेहद अंतरंग और अभिन्न मित्र ही नहीं, अजमेर के सबसे प्रतिष्ठित और सम्मानित डॉ. अंबालाल जी बैठे थे। मुझे देखते ही उन्होंने बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया।

(i) ''बंद करो अब इस मन्नू का घर से निकलना।'' गद्यांश में यह निर्देश किसे दिया गया है?

(A) माँ को

(B) मन्नू को

(C) पिताजी को

(D) बहन को

(ii) पिताजी के भभकने का क्या कारण था?

(A) मन्नू का हड़तालादि में भाग लेना।

(B) मन्नू की गतिविधियों पर माँ की असहमति।

(C) पिताजी के मित्र द्वारा मन्नू की शिकायत।

(D) पिताजी की स्वयं ही मन्नू से नाराज़गी।

(iii) उपर्युक्त गद्यांश की भाषा है –

(A) ओजपूर्ण भाषा

(B) सूक्तिप्रधान भाषा

(C) मुहावरेदार भाषा

(D) संस्कृतनिष्ठ भाषा

(iv) हड़ताल का आह्वान क्यों किया जा रहा था?

(A) आज़ाद हिंद फ़ौज के खिलाफ़ मुकदमे के विरोध में।

(B) भारत के लिए पूर्ण स्वराज की माँग के लिए।

(C) छात्रों के लिए बेहतर अधिकार और सुविधाओं के लिए।

(D) कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों के खिलाफ़ कार्यवाही के विरोध में।

(v) पूरा छात्र-वर्ग चौपड़ पर क्यों एकत्रित हुआ?

(A) आयोजित हड़ताल के समर्थन के लिए।

(B) यातायात बंद करवाने के लिए।

(C) समारोह के आयोजन के लिए।

(D) दुकानें पुनः बंद करवाने के लिए।

10. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **दो** बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **2×1=2**

(i) बिस्मिल्ला खाँ काशी छोड़कर क्यों नहीं जाना चाहते थे? अनुपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:

(A) उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि होने के कारण उन्हें काशी से विशेष लगाव था।

(B) अपने पुरखों के समान वे भी काशी के बालाजी से जुड़े रहना चाहते थे।

(C) काशी से दूर जाने पर उन्हें स्वयं पर विश्वास कम प्रतीत होने लगता था।

(D) बाबा विश्वनाथ और गंगा मइया के कारण, दोनों ही काशी में, जिनसे उनका लगाव था।

(ii) 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक को नवाब साहब 'नयी कहानी' के लेखक कब लगे?

(A) उन्हें पहली बार रेलगाड़ी के डिब्बे में देखकर।

(B) उन्हें खीरा खाने की तैयारी करते हुए देखकर।

(C) उन्हें खीरा सूंघकर उसका रसास्वादन करते देखकर।

(D) उनके बिना खीरा खाए ही ऊँची डकार को सुनकर।

खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25–30** शब्दों में दीजिए : **3×2=6**

(क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि पान वाले ने कैप्टन को 'पागल' क्यों कहा?

(ख) 'संस्कृति' पाठ से ली गई पंक्ति 'संस्कृति के नाम से जिस कूड़े-करकट के ढेर का बोध होता है,....।' में 'कूड़े-करकट' से क्या अभिप्राय है?

(ग) बिस्मिल्ला खाँ का जीवन वर्तमान और भावी पीढ़ी को क्या संदेश देता है?

(घ) 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर लिखिए कि अपनी पतोहू के प्रति बालगोबिन भगत का व्यवहार उनके किन गुणों को उजागर करता है?

12. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25–30** शब्दों में लिखिए: **3×2=6**

(क) 'आत्म कथ्य' कविता से ली गई 'अनंत नीलिमा में असंख्य जीवन इतिहास' पंक्ति का क्या आशय है?

(ख) 'उत्साह' कविता के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(ग) सूरदास के 'पद' के अनुसार गोपियों को ऐसा क्यों लगा कि कृष्ण ने राजनीति पढ़ ली है?

(घ) फागुन मास में प्रकृति के सौंदर्य का वर्णन, 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर कीजिए।

13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50–60** शब्दों में लिखिए : **2×4=8**

(क) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में लेखिका को कब और क्यों लगा कि तमाम भौगोलिक विविधता और वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद भारत की आत्मा एक ही है?

(ख) 'माता का अँचल' पाठ में जिस ग्राम्य जीवन और संस्कृति का उल्लेख है, उसमें वर्तमान में क्या अंतर आया है? क्या उस अंतर को आप सकारात्मक मानते हैं?

(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए कि क्या एक रचनाकार और उसकी रचनाएँ बाहरी दबाव से भी प्रभावित हो सकती हैं? आपकी दृष्टि में वे कौन-से बाहरी दबाव हैं जो रचनाकार की रचना को प्रभावित करते हैं?

14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **6**

(क) साइबर सुरक्षा : जागरूकता ही समाधान
भूमिका, अर्थ, वर्तमान में चर्चा का कारण, जागरूकता का प्रभाव

(ख) सौर ऊर्जा : सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा
भूमिका, स्रोत, देश के लिए क्यों आवश्यक, लाभ

(ग) अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस
भूमिका, उद्देश्य, संसार की लगभग आधी आबादी, महिलाओं की स्थिति पर प्रभाव

15. **(क)** आप चंदा/चंदन हैं। खराब जीवनशैली के कारण आपके मित्र का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। संयमित और स्वस्थ जीवनशैली का महत्त्व बताते हुए लगभग **100** शब्दों में उसे एक पत्र लिखिए। **5**

अथवा

(ख) पुलिस द्वारा उठाए गए विविध कदमों से शहर में अपराध कम तो हुआ है पर अभी और सुधार की आवश्यकता है। अपने क्षेत्र के दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखकर जन सामान्य का ध्यान इस ओर दिलाइए कि अपराध पर अंकुश सिर्फ पुलिस की ही नहीं बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। **5**

16. **(क)** आप रजनी/राजन हैं। आपके विद्यालय की पत्रिका 'प्रखर' के लिए छात्र संपादक की नियुक्ति होनी है। आप उक्त पद के योग्य हैं। इस पद के लिए प्रधानाचार्य को संबोधित कर लगभग **80** शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त तैयार कीजिए। **5**

अथवा

(ख) आप राजन/रजनी हैं। अपने बैंक खाते में नेट बैंकिंग की सुविधा प्राप्त करने के लिए संबंधित शाखा प्रबंधक को लगभग **80** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। **5**

17. **(क)** राज्य परिवहन निगम की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **4**

अथवा

(ख) आपके कक्षाध्यापक का चयन उप प्रधानाध्यापक के पद पर हुआ है। उन्हें बधाई देते हुए लगभग **40** शब्दों में संदेश लिखिए। **4**

SET-1

Series D3BCA/1

प्रश्न–पत्र कोड **4/1/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

हिन्दी (ब)
HINDI (B)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न–पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं। **सभी प्रश्नों** के उत्तर देना अनिवार्य है।*

(ii) *इस प्रश्न–पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड – 'अ'** और **खण्ड – 'ब'**।*

(iii) ***खण्ड – 'अ'** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

(iv) ***खण्ड – 'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

(v) *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।*

(vi) *यथासंभव **दोनों** खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

खण्ड 'अ'
(बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1 = 5**

ग्रीष्म अवकाश के समय को पढ़ाई के दबाव से परे रचनात्मक सोच, सामुदायिक समझ और रिश्तों से जुड़ाव को पोषित करने में लगाना जरूरी है। सामुदायिक केन्द्रों से जुड़े और सेवा देने वाले बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। ऐसे बच्चे न केवल समाज से जुड़ते हैं, बल्कि खुश भी रहते हैं।

यह जुड़ाव बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत सँवारने के साथ ही मानवीय प्रवृत्तियों को भी सार्थक दिशा देता है।

छुट्टियों का समय रिश्तों-नातों को जानने और जीने का भी मौका होता है। पहले संयुक्त परिवार में बच्चे दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, बुआ के साथ रह कर बड़े होते थे। रिश्तेदारों का आना-जाना भी खूब होता था। मगर अब ऐसी व्यस्त जिंदगी है कि बच्चे सिर्फ अपने माता-पिता को ही जानते हैं। छुट्टियों का यह समय ऐसे संबंधों को जीने और जानने में लगाया जाए, यह खुद बच्चों के लिए ही नहीं, हमारे पारिवारिक और सामाजिक तानेबाने को सहेजने के लिए भी जरूरी है। कुछ साल पहले एक ऑनलाइन पर्यटन कंपनी द्वारा किए गए परिवार सर्वेक्षण के अनुसार सत्तानवे प्रतिशत भारतीय किशोरों ने महसूस किया कि परिवार की छुट्टियाँ उन्हें अपने भाई-बहनों के करीब लाती हैं। उनहत्तर प्रतिशत ने माना कि उनकी पसंदीदा यादें परिवार के साथ बिताई छुट्टियों से जुड़ी हैं। बहुत से सामाजिक मनोवैज्ञानिक अध्ययन भी बताते हैं कि अवकाश का समय बच्चों को नई ऊर्जा और उत्साह से भर देता है। छुट्टियाँ बच्चों को खुश और होशियार बनाती हैं। सामाजिक कौशल सिखाती हैं। यह अभिभावकों के साथ अनौपचारिक रूप से संवाद करने का समय होता है। भटकाव के मौजूदा परिवेश में ऐसा खुला संवाद किशोरों की मानसिकता समझने में सहायक होता है। नई पीढ़ी को दिशाहीन होने से बचा सकता है। समय रहते अभिभावकों को सचेत कर सकता है।

(i) बच्चों के बीच रचनात्मक सोच, सामुदायिक समझ और रिश्तों से जुड़ाव को पोषित करने के लिए क्या अपेक्षित है?

(A) रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी

(B) ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग करना

(C) परस्पर परिचर्चा में सभी की भागीदारी

(D) शिक्षा की बुनियाद रखना

(ii) सामुदायिक केन्द्रों में सेवा देने वाले बच्चे किस प्रकार लाभान्वित होते हैं ?

(I) बेहतर स्वास्थ्य पाकर
(II) प्रसन्नचित्त होकर
(III) व्यस्त होकर
(IV) वेतन पाकर

विकल्प :

(A) I – II
(B) III – IV
(C) I – III
(D) II – IV

(iii) अब पारिवारिक संबंधों में क्या बड़ा परिवर्तन हुआ है?

(A) एकल परिवारों का सीमित होना
(B) संयुक्त परिवारों में वृद्धि होना
(C) एकल परिवारों में वृद्धि होना
(D) पड़ोस संस्कृति की समाप्ति होना

(iv) निम्नलिखित **कथन** तथा **कारण** को पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन : पारिवारिक तानेबाने को सहेजने की आवश्यकता है।

कारण : परिवारों और समाज के संकुचित होने से स्वस्थ सामाजिक विकास अवरुद्ध हो रहा है।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।
(B) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।
(C) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है।
(D) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाता है/खाते हैं?

(I) अवकाश बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह भरता है।
(II) छुट्टियों में भाई-बहनों के समीप आने की संभावना बढ़ती है।
(III) माता-पिता से बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलता है।
(IV) नई पीढ़ी के दिशाहीन होने की संभावनाएँ बढ़ती हैं।

विकल्प :

(A) केवल I
(B) II और III
(C) केवल IV
(D) I, II और III

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1 = 5**

नदियों को धरती का प्राण माना जाता है। ये हमारी पृथ्वी व समस्त जीव-जगत को जीवन देती हैं। जब नदियों के जीवन पर ही संकट मँडरा रहा हो तो अन्य जीव-जगत पर क्या असर होगा?

यह स्थिति डराती है। खासकर तब, जब विशेषज्ञों का मानना है कि 2030 तक दुनिया में पानी की माँग कुल आपूर्ति से ज्यादा हो जाएगी। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि हमने नदियों के प्रवाह को बाधित किया है, उनके प्रवाह मार्ग में अवरोध पैदा किए हैं और उनमें अपनी आत्मा का सर्वस्व उड़ेलने वाली छोटी नदियों की परवाह ही नहीं की। नदियों के तटों पर अतिक्रमण कर हम विकास का नारा बुलंद कर रहे हैं। नदियाँ दुखी न हों तो क्या करें? ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैण्ड सहित यूरोप के विविध देशों में शायद इसीलिए नदियों के तटबंध तोड़े जा रहे हैं ताकि नदियों को उद्दाम प्रवाह की आज़ादी मिल सके। इस प्रसंग में छोटी नदियों को पुनर्जीवित करना बहुत जरूरी है, क्योंकि छोटी नदियाँ न केवल किसी क्षेत्र विशेष की जल संबंधी जरूरतों को पूरी करती हैं, बल्कि अनेक छोटी नदियाँ मिलकर किसी बड़ी नदी को अपने समर्पण से समृद्ध भी करती हैं।

छोटी नदियों को बचाने के लिए संसाधनों से अधिक संकल्प की आवश्यकता है। भू-जल स्तर, पारिस्थितिकी तंत्र एवं जैव विविधता को स्थिर रखने के लिए नदियों के प्रवाह क्षेत्र को अतिक्रमण से बचाना व प्रदूषण मुक्त रखना बेहद जरूरी है। शासन-प्रशासन व आमजन की दृढ़ इच्छाशक्ति, निगरानी और नियंत्रण द्वारा ही नदियों को बचाया जा सकता है।

(i) गद्यांश के अनुसार कौनसी स्थिति डराती है?

(A) जलीय जीव-जंतुओं की संख्या का कम होना

(B) नदियों के तटों पर औद्योगिक विकास होना

(C) नदियों का अपने मार्ग को छोड़कर बहना

(D) जीवनदायिनी नदियों का प्रदूषित होना

(ii) विशेषज्ञ 2030 तक, किस बात के लिए सचेत कर रहे हैं?

(A) लगभग सभी नदियाँ प्रदूषित हो जाएँगी।

(B) हमें नदियों का प्रवाह बाधित करना पड़ेगा।

(C) हमें छोटी नदियों की परवाह करनी होगी।

(D) जल की आपूर्ति जल की माँग से बहुत कम हो जाएगी।

(iii) नदियों को जीवित रखने के लिए क्या-क्या करना होगा?

(I) तट अतिक्रमण पर रोक

(II) पुनर्जीवित करने की कोशिश

(III) आत्मा का सर्वस्व उड़ेलना

(IV) विकास का नारा बुलंद करना

विकल्प :

(A) I – II

(B) III – IV

(C) II – III

(D) I – IV

(iv) निम्नलिखित **कथन** और **कारण** को पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनिए :

कथन : यूरोप के देशों में नदियों के तटबंध तोड़े जा रहे हैं।

कारण : नदियों को उद्दाम प्रवाह की आज़ादी मिले और वे पुनर्जीवित हो जाएँ।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है।

(C) कथन व कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(v) 'जैव विविधता' से अभिप्राय है :

(A) पृथ्वी पर जीव-जंतुओं की विविधता

(B) पृथ्वी पर पेड़-पौधों की विविधता

(C) जीव-जंतुओं और वनस्पति की विविधता

(D) मानवीय-जीवन की विविधता

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×1 = 4**

(i) लगा कि पूरा एक काफिला चला आ रहा हो। रेखांकित का पदबंध है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) क्रिया-विशेषण पदबंध

(D) क्रिया-पदबंध

(ii) ''कोई पाँच महीने हुकूमत की होगी।'' में रेखांकित का पदबंध है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध

(D) क्रिया पदबंध

(iii) ''बाहर बेढ़ब-सा एक मिट्टी का बरतन था।'' रेखांकित पदबंध का भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) विशेषण पदबंध

(iv) ''तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था।'' रेखांकित पदबंध का भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध

(D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(v) निम्नलिखित में से क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(A) मुसीबत में सभी उसका स्मरण करते और वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता।

(B) मुसीबत में सभी उसका स्मरण करते और वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता।

(C) मुसीबत में सभी उसका स्मरण करते और वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता।

(D) मुसीबत में सभी उसका स्मरण करते और वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता।

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×1 = 4**

(i) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) एक लोककथा है जो आज भी दोहराई जाती है।

(B) गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा।

(C) निकोबारी उसे बहुत प्रेम करते थे क्योंकि वह समझदार था।

(D) सूरज समुद्र से लगे क्षितिज तले डूबने को था।

(ii) ''तताँरा बहुत संवेदनशील था तथा समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था।'' - रचना के आधार पर वाक्य-भेद है -

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) निषेध वाक्य

(iii) ''उसे ज्ञात ही न हो सका कि अजनबी युवक उसे ताके जा रहा था।'' - रचना के आधार पर वाक्य-भेद है :

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) सामान्य वाक्य

(iv) निम्नलिखित में मिश्र वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) कुछ था जो दोनों के भीतर बह रहा था।

(B) कुछ युवकों ने इस प्रेम को भाँप लिया।

(C) वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ पड़ी।

(D) दोनों के हृदय व्यथित थे।

(v) **स्तंभ 'अ'** और **स्तंभ 'ब'** को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

स्तंभ 'अ'	**स्तंभ 'ब'**
I. वह अचंभित था और रोमांचित भी था	1. मिश्र वाक्य
II. तताँरा उसे जाते हुए निहारता रहा	2. संयुक्त वाक्य
III. बस भीतर समर्पण था जो अनवरत गहरा था	3. सरल वाक्य

विकल्प :

(A) I 1 II 2 III 3

(B) I 2 II 1 III 3

(C) I 3 II 2 III 1

(D) I 2 II 3 III 1

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4×1 = 4**

(i) 'आत्मगौरव' समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है?

(A) द्विगु समास

(B) तत्पुरुष समास

(C) कर्मधारय समास

(D) अव्ययीभाव समास

(ii) 'बेवक्त' समस्तपद का समास-भेद होगा :

(A) तत्पुरुष समास

(B) कर्मधारय समास

(C) अव्ययीभाव समास

(D) बहुव्रीहि समास

(iii) 'महात्मा' समस्तपद का विग्रह होगा :

(A) महात्मा की आत्मा

(B) महान की आत्मा

(C) महा की आत्मा

(D) महान है जो आत्मा

(iv) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

समस्तपद	**समास**
I. मृगनयनी	1. बहुव्रीहि समास
II. श्वेतांबर	2. तत्पुरुष समास
III. नदी-नाले	3. द्विगु समास
IV. आत्मनिर्भर	4. अव्ययीभाव समास

उपर्युक्त युग्मों में से कौनसे सही सुमेलित हैं?

(A) केवल (IV)

(B) केवल (I)

(C) (I) और (III)

(D) (II) और (IV)

(v) 'पीतांबर' का सही युग्म है :

(A) पीले हैं अंबर जिसके – बहुव्रीहि समास

(B) पीला है जो अंबर – बहुव्रीहि समास

(C) पीला अंबर – अव्ययीभाव समास

(D) पीले हैं अंबर जिसके – कर्मधारय समास

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित छह बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×1 = 4**

(i) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कँपकँपी छूटना – डर से शरीर काँपना

(B) कलेजा ठंडा होना – मृत्यु होना

(C) किताबी कीड़ा होना – जो कीड़े पुस्तकों में लगें

(D) एक ही राग अलापना – अच्छा गायक

(ii) 'रहस्य प्रकट होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है :

(A) उगल देना

(B) ख़ाक छानना

(C) कूच करना

(D) कलई खुलना

(iii) 'आस्तीन का साँप' मुहावरे का अर्थ है :

(A) चालाक व्यक्ति

(B) बड़ा दुश्मन

(C) कपटी मित्र

(D) अपना मत बदलने वाला

(iv) ''माता-पिता और बड़ों के उपदेश बुरे लगते हैं लेकिन बाद में वही बातें प्रेरित करती हैं।'' – रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) नीचा दिखाना

(B) ज़हर लगना

(C) पहाड़ लगना

(D) हाथ लगना

(v) परीक्षा भवन पहुँच कर जब उसे अपना पेंसिल बॉक्स नहीं दिखा तो उसके _____ _____ गए। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) सिट्टी-पिट्टी गुम होना

(B) पैरों तले ज़मीन खिसकना

(C) हाथ-पाँव फूलना

(D) चेहरे का रंग उड़ना

(vi) 'पता न चलना' अर्थ के लिए मुहावरा होगा :

(A) फरार होना

(B) दबे पाँव आना

(C) टका-सा जवाब देना

(D) सुराग न मिलना

7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : **5×1 = 5**

क्षुधार्त रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,
तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी।
उशीनर क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया,
सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर-चर्म भी दिया।
अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे?
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(i) रंतिदेव कौन थे?

(A) वीर राजा

(B) परम दानी राजा

(C) बुद्धिमान-शिक्षित राजा

(D) कुशल-समझदार राजा

(ii) **स्तंभ 'अ'** और **स्तंभ 'ब'** को सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए :

स्तंभ 'अ'	**स्तंभ 'ब'**
I. उशीनर	1. अपने शरीर की चमड़ी भी दान में दी
II. दधीचि	2. अपना माँस देकर कबूतर के प्राण बचाए
III. कर्ण	3. अस्थियाँ देकर देवताओं की सहायता की

विकल्प :

(A) I 2 II 3 III 1

(B) I 1 II 2 III 3

(C) I 2 II 1 III 3

(D) I 1 II 3 III 2

(iii) कवि ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से क्या संदेश दिया है?

(A) हमें जीवन की परवाह न करके परोपकार करना चाहिए।

(B) हरेक की पीड़ा को समझना चाहिए।

(C) शरीर नाशवान है अतः जीव को डरना नहीं चाहिए।

(D) अपनी भूख की परवाह बिलकुल नहीं करनी चाहिए।

(iv) काव्यांश में प्रयुक्त 'अनादि' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) जिसका न आदि हो न अंत

(B) जिसका आदि या आरंभ न हो

(C) जो सृष्टि पर सबसे पहले जन्मा हो

(D) जो सदा बना चला आ रहा हो

(v) दधीचि ने दान में क्या दिया?

(A) कवच-कुंडल

(B) हड्डियाँ

(C) धन

(D) माँस

8. काव्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : **2×1 = 2**

(i) 'सब अँधियारा मिटि गया' - कबीर के 'दोहे' की इस पंक्ति में अँधियारा किसका प्रतीक है?

(A) निराशा

(B) अहंकार

(C) अज्ञान

(D) कालिमा

(ii) 'गिरि का गौरव गाकर झर-झर' - पंक्ति में झरने के 'झर-झर' स्वर में कवि ने क्या कल्पना की है?

'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए :

(A) बादलों की गड़गड़ाहट की

(B) झरनों की कल-कल करती मधुर ध्वनि की

(C) पक्षियों के कलरव की जुगल-बंदी की

(D) पर्वत के गौरव-गान की

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : **5×1 = 5**

अब भाई साहब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे। कई बार मुझे डाँटने का अवसर पाकर भी उन्होंने धीरज से काम लिया। शायद अब वह खुद समझने लगे थे कि मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा, या रहा भी, तो बहुत कम। मेरी स्वच्छंदता भी बढ़ी। मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा। मुझे कुछ ऐसी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है, इसलिए भाई साहब के डर से जो थोड़ा-बहुत पढ़ लिया करता था, वह भी बंद हुआ। मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था और अब सारा समय पतंगबाज़ी की ही भेंट होता था, फिर भी मैं भाई साहब का अदब करता था और उनकी नज़र बचाकर कनकौए उड़ाता था। मांझा देना, कन्ने बाँधना, पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ सब गुप्त रूप से हल की जाती थीं। मैं भाई साहब को यह संदेह न करने देना चाहता था कि उनका सम्मान और लिहाज़ मेरी नज़रों में कम हो गया है।

(i) बड़े भाई साहब अब छोटे भाई को प्रायः नहीं डाँटते, क्यों ?

(A) छोटे भाई की घर छोड़ने की धमकी के भय से चुप रहने लगे।

(B) अब उन दोनों में एक ही कक्षा का अंतर रह गया था।

(C) छोटा भाई खेलकर भी अव्वल आता जा रहा था अतः अब वे ढीले पड़ने लगे थे।

(D) छोटा भाई बड़े भाई साहब के व्यवहार पर उन्हें आड़े हाथों लेने लगा था।

(ii) निम्नलिखित **कथन** तथा **कारण** को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन : कथानायक बड़े भाई साहब की सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा।

कारण : कक्षा में अव्वल आने के कारण उनके व्यवहार में अहंकार की भावना आ गई थी।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या है।

(C) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iii) 'मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है' – इस कथन से कथानायक के विषय में पता चलता है कि वह है :

(A) दृढ़विश्वासी (B) भाग्यवादी

(C) वाचाल (D) अहंकारी

(iv) छोटा भाई बड़े भाई साहब से छिपकर पतंगबाज़ी क्यों करता था?

(A) छोटे भाई के मन में बड़े भाई के लिए आदर था।

(B) छोटे भाई को पतंगबाज़ी का नया-नया शौक चढ़ा था।

(C) छोटे भाई को लगा कि शायद भाई साहब को पसंद न आए।

(D) पढ़े-लिखे समझदार लोग पतंगबाज़ी नहीं करते थे।

(v) कथानायक का सारा समय पतंगबाज़ी की भेंट क्यों चढ़ने लगा था?

(A) पतंगबाज़ी का नया-नया शौक लगने के कारण

(B) विद्यालय में आयोजित पतंग टूर्नामेंट के कारण

(C) बड़े भाई द्वारा डाँट-फटकार न लगाने के कारण

(D) विद्यालय में हुए ग्रीष्मावकाश के कारण

10. गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए : **2×1 = 2**

(i) तताँरा-वामीरो के त्याग से समाज की सोच में क्या परिवर्तन आया?

(A) सबने तताँरा-वामीरो के प्रेम को स्वीकार कर लिया

(B) सभी तताँरा-वामीरो के विवाह के लिए तैयार हो गए

(C) अब दूसरे गाँवों में भी पारस्परिक वैवाहिक संबंध होने लगे

(D) तताँरा-वामीरो को अपने-अपने गाँवों से निष्कासित कर दिया

(ii) वज़ीर अली अफ़गानी हमले की प्रतीक्षा क्यों कर रहा था? अनुपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए :

(A) अंग्रेजों को चारों तरफ से घेरने के लिए

(B) सआदत अली को जान से मारने के लिए

(C) अवध से सआदत अली को हटा अपना तख्त पाने के लिए

(D) अंग्रेजों को हिन्दुस्तान से बाहर निकालने के लिए

खण्ड 'ब'
(वर्णनात्मक प्रश्न)

11. गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2×3 = 6**

(क) शेख अयाज़ के पिता ने अपनी बाजू पर काले च्योंटे को रेंगता देख क्या किया? इससे उनकी कौनसी विशेषताएँ उभर कर आती हैं? 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) 'झेन परंपरा की यह बड़ी देन मिली है जापानियों को।' इस कथन में झेन परंपरा की किस बड़ी देन की बात कही गई है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर बताइए कि 'ओपन लड़ाई' किसे कहा गया है और यह अपूर्व थी, कैसे?

12. काव्य-खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2×3 = 6**

(क) मीरा अपने आराध्य कृष्ण से क्या विनती करती हैं और उन्हें उनके कर्तव्य का स्मरण करवाने के लिए क्या करती हैं?

(ख) विरासत में मिली वस्तुओं की सँभाल ज़रूरी है, क्यों? 'तोप' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'आज धरती बनी है दुलहन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो।'
इन पंक्तियों के संदर्भ में सैनिक की भावनाओं को स्पष्ट कीजिए।

13. पूरक पाठ्य-पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2×3 = 6**

(क) 'मैत्री धर्म, जाति, रंग-भेद, प्रतिष्ठा आदि से ऊपर शुद्ध प्रेम और भावनाओं का प्रतिबिंब है।' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सपनों के से दिन' पाठ के लेखक और उसके साथी किस प्रकार गर्मियों की छुट्टियाँ बिताया करते? आप गर्मी की छुट्टियों में क्या करते हैं, लिखिए।

(ग) आपके पड़ोसी काका की स्थिति हरिहर काका से मिलती-जुलती है। आप उन्हें कैसे समझाएँगे और मदद करेंगे?

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5**

(क) खेल बिना पाठ्यक्रम है अधूरा
- खेलों का महत्त्व
- पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग
- दोनों में संतुलन

(ख) जब तक पहाड़-नदियाँ हैं तब तक जीवन है
- प्रकृति से ही साँस है
- प्रकृति से मैत्री
- सतत विकास पर बल

(ग) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
- क्यों पड़ी जरूरत
- बेटियाँ समाज का अभिन्न अंग
- महिलाओं के बढ़ते कदम

15. **(क)** आपके क्षेत्र में स्थित स्टेडियम के स्थापना दिवस की वर्षगाँठ के अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की प्रार्थना करते हुए दूरदर्शन निदेशक को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए। **5**

अथवा

(ख) अपने नगर की ऐतिहासिक इमारतों की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए, उनके उचित रख-रखाव के लिए अध्यक्ष, पुरातत्त्व विभाग को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखकर आग्रह कीजिए। **5**

16. **(क)** विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम के सचिव की ओर से बाल कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुति की सूचना लगभग **60** शब्दों में लिखिए। **4**

अथवा

(ख) आपके विद्यालय में क्षेत्रीय पुलिस द्वारा स्वरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी छात्रों तक पहुँचाने के लिए एक सूचना लगभग **60** शब्दों में लिखिए। **4**

17. **(क)** आपके क्षेत्र में एक नया विद्यालय खुला है जिसमें आगामी सत्र में प्रवेश लेने वाले स्थानीय बच्चों को दाखिले में विशेष छूट दी जाएगी। विद्यालय के प्रचार-प्रसार के लिए लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3**

अथवा

(ख) कोई कंपनी जैविक फल-सब्जी बाज़ार में लाना चाहती है, उसके प्रचार-प्रसार के लिए एक विज्ञापन लगभग **40** शब्दों में तैयार कीजिए। **3**

18. **(क)** ''जब मानव ने स्वयं को पक्षियों की भाँति छोटा करने की शक्ति हासिल की और डिब्बेनुमा घरों में पेड़ पर रहने लगा। तब.....''

इस कथा को लगभग **100** शब्दों में पूरा कीजिए। **5**

अथवा

(ख) आपने ऑनलाइन कुछ पुस्तकें मँगवाई थीं लेकिन आपकी पुस्तकें आपके ऑर्डर के अनुरूप नहीं आई हैं। इसकी शिकायत करते हुए प्रबंधक महोदय को लगभग **100** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। **5**

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers